राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (आर–100) अलेसे–I/974 दिनांकः– 24/08/22

आदेश संख्याः– 62/2022–23

श्री रतन सिंह मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I हाल पदस्थापित कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, सिरोही को उप महानिरीक्षक पुलिस (द्वितीय), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर द्वारा चालान प्रस्तुति पर दिनांक 14.07.2022 को उन्हें गिरफ्तार कर केन्द्रीय कारागार, भरतपुर में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं माननीय न्यायाधीश राज. उच्च न्यायालय बैंच जयपुर के निर्णय आदेश दिनांक 04.08.2022 के अनुसरण में जमानत पर दिनांक 05.08.2022 को रिहा किया गया। इस प्रकार श्री रतन सिंह मीना दिनांक 14.07.2022 से 05.08.2022 तक न्यायिक अभिरक्षा में रहे हैं।

अतः श्री रतन सिंह मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, सिरोही को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में गिरफ्तारी दिनांक 14.07.2022 से निलंबित किया जाता है।

श्री रतन सिंह मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को निलंबन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अन्तर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन काल में श्री रतन सिंह मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का मुख्यालय कोषालय, सिरोही रहेगा तथा वे नियमित रूप से मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति अंकित करेंगे।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (आर–100) अलेसे–I/975-987 दिनांकः– 24/08/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।
2 संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3 उप महानिरीक्षक पुलिस (द्वितीय), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।
4 जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, सिरोही ।
5 कोषाधिकारी, सिरोही।
6 श्री रतन सिंह मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, सिरोही ।
7 उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में प्रविष्ठी करने हेतु।
8 निजी सचिव, निदेशक महोदय।
9 जाँच शाखा/एसीआर शाखा/डीपीसी शाखा/पदस्थापन सीट।
10 श्री महेन्द्र गोयल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I
11 रक्षित पत्रावली/निजी पत्रावली।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

C:\Users\hello\Desktop\Orders.docx1